भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +**340**
सोमवार, **24** जून, 2019/**3** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कार्यान्वित योजनाएं

+**340.** डॉ॰ टी॰ आर॰ पारिवेन्धर:
श्री भगवंत खुबाः
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देशभर में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कुल कितनी विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने पर्यटन स्थलों को संघ-सूची में शामिल किया गया है;

(ग) क्या सरकार का तमिलनाडु के पेरंबलूर जिले में स्थित पच्च मलैई पर्वतमाला और आस-पास के क्षेत्रों को पर्यटन संवर्धन सूची में शामिल करने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान कर्नाटक सहित देश के विभिन्न भागों में पर्यटन हेतु आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है; और

(ङ) पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न राज्यों को आवंटित निधि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दो योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है; यह हैः-

i) आथित्य सहित स्वदेशी संवर्धन और प्रचार
ii) मार्केट विकास सहायता सहित विदेशी संवर्धन प्रचार की पुर्नसंरचना योजना

इन योजनाओं के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय अपने चालू कार्यकलापों के रूप में प्रति वर्ष तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के अंतर्गत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन तथा आउट डोर मीडिया अभियानों को चलाता है। मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया एकाउंट के

माध्यम से भी संवर्धन किया जाता है। इसके अलावा, भारत और विदेश स्थित भारत पर्यटन कार्यालय सूचना का प्रसार करते हैं तथा देश के विविध पर्यटक गंतव्यों तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं।

(घ) : पिछले दो वर्षों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में घरेलू तथा विदेशी पर्यटक यात्राओं के ब्यौरे अनुबंध में हैं।

(ड.) : पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन के संवर्धन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां आवंटित नहीं करता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन तथा निधियों के अनुपालन की शर्त पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर निम्नलिखित संवर्धनात्मक कार्यकलापों के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है:-

**i** मेले, उत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों का आयोजन

**ii** प्रिंट मीडिया अभियान में संयुक्त विज्ञापन

**iii** निजी क्षेत्र के सहयोग से प्रचार सामग्री को तैयार करना

**iv** फिल्म पर्यटन का संवर्धन

*******

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कार्यान्वित योजनाएं के संबंध में दिनांक 24.06.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +**340** के भाग (**घ**) के उत्तर में विवरण

(वर्ष **2018** के पर्यटक आकड़े अभी अप्राप्त है)

राज्य / संघ राज्य-वार घरेलू और विदेशी पर्यटक आगमन, **2016-17**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2016 | | 2017(अ) | | वृद्धि दर | | रैंक 2017 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी | डीटीवी | एफटीवी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 384552 | 15466 | 471919 | 15313 | 22.7 | -1.0 | 30 | 27 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 153163354 | 341764 | 165433898 | 271362 | 8.0 | -20.6 | 4 | 15 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 385875 | 6598 | 444005 | 7147 | 15.1 | 8.3 | 31 | 29 |
| 4 | असम | 5160599 | 19456 | 6052667 | 21760 | 17.3 | 11.8 | 22 | 26 |
| 5 | बिहार | 28516127 | 1010531 | 32414063 | 1082705 | 13.7 | 7.1 | 14 | 9 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1182504 | 31549 | 1425781 | 31832 | 20.6 | 0.9 | 25 | 25 |
| 7 | छतीसगढ़ | 16534471 | 9220 | 12231935 | 6655 | -26.0 | -27.8 | 20 | 30 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 589074 | 1891 | 614182 | 1908 | 4.3 | 0.9 | 29 | 34 |
| 9 | दमन और दीव | 826201 | 5669 | 858131 | 5535 | 3.9 | -2.4 | 28 | 31 |
| 10 | दिल्ली * | 28460832 | 2520083 | 29114423 | 2740502 | 2.3 | 8.7 | 15 | 4 |
| 11 | गोवा | 5650061 | 680683 | 6895234 | 842220 | 22.0 | 23.7 | 21 | 10 |
| 12 | गुजरात | 42252909 | 343752 | 48343121 | 448853 | 14.4 | 30.6 | 9 | 13 |
| 13 | हरियाणा | 7382995 | 331291 | 6050325 | 193381 | -18.1 | -41.6 | 23 | 17 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 17997750 | 452770 | 19130541 | 470992 | 6.3 | 4.0 | 16 | 12 |
| 15 | झारखंड | 33389286 | 169442 | 33723185 | 170987 | 1.0 | 0.9 | 13 | 18 |
| 16 | जम्मू और कश्मीर | 9414579 | 63207 | 14235473 | 79765 | 51.2 | 26.2 | 18 | 22 |
| 17 | कर्नाटक | 129762600 | 461752 | 179980191 | 498148 | 38.7 | 7.9 | 3 | 11 |
| 18 | केरल | 13172536 | 1038419 | 14673520 | 1091870 | 11.4 | 5.1 | 17 | 8 |
| 19 | लक्षद्वीप | 8716 | 753 | 6620 | 1027 | -24.0 | 36.4 | 36 | 36 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 150490339 | 363195 | 78038522 | 359119 | -48.1 | -1.1 | 8 | 14 |
| 21 | महाराष्ट्र * | 116515801 | 4670049 | 119191539 | 5078514 | 2.3 | 8.7 | 5 | 1 |
| 22 | मणिपुर | 150638 | 3064 | 153454 | 3497 | 1.9 | 14.1 | 33 | 33 |
| 23 | मेघालय | 830887 | 8476 | 990856 | 12051 | 19.3 | 42.2 | 27 | 28 |
| 24 | मिजोरम | 67238 | 942 | 67772 | 1155 | 0.8 | 22.6 | 34 | 35 |
| 25 | नगालैंड | 58178 | 3260 | 63362 | 4166 | 8.9 | 27.8 | 35 | 32 |
| 26 | ओडिशा | 12842766 | 76361 | 14011229 | 100014 | 9.1 | 31.0 | 19 | 21 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **27** | पुडुचेरी | 1398289 | 117437 | 1531972 | 131407 | 9.6 | 11.9 | 24 | 20 |
| **28** | पंजाब | 38703326 | 659736 | 40293352 | 1108635 | 4.1 | 68.0 | 11 | 7 |
| **29** | राजस्थान | 41495115 | 1513729 | 45916573 | 1609963 | 10.7 | 6.4 | 10 | 5 |
| **30** | सिक्किम | 747343 | 66012 | 1375854 | 49111 | 84.1 | -25.6 | 26 | 24 |
| **31** | तमिलनाडु | 343812413 | 4721978 | 345061140 | 4860455 | 0.4 | 2.9 | 1 | 2 |
| **32** | तेलंगाना | 95160830 | 166570 | 85266596 | 251846 | -10.4 | 51.2 | 6 | 16 |
| **33** | त्रिपुरा | 370618 | 36780 | 398669 | 69899 | 7.6 | 90.0 | 32 | 23 |
| **34** | उत्तर प्रदेश | 213544204 | 3156812 | 233977619 | 3556204 | 9.6 | 12.7 | 2 | 3 |
| **35** | उत्तराखंड | 30505363 | 117106 | 34359989 | 133725 | 12.6 | 14.2 | 12 | 19 |
| **36** | पश्चिम बंगाल | 74460250 | 1528700 | 79687645 | 1574915 | 7.0 | 3.0 | 7 | 6 |
| | कुल | 1615388619 | 24714503 | 1652485357 | 26886638 | 2.3 | 8.8 | - | - |

स्रोत: राज्य / केंद्र शासित क्षेत्र पर्यटन विभाग।

* - अखिल भारतीय विकास दर का उपयोग करके अनुमानित; पी: अनंतिम

******